प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

30.04.2025 / प्रादेशिक समाचार / 15.00बजे

## गवई मुख्य न्यायाधीश नियुक्ति

सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति भूषण रामकृष्ण गवई भारत के अगले मुख्य न्यायाधीश होंगे। केंद्रीय विधि और न्याय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने बताया कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने न्यायमूर्ति गवई को देश का अगला मुख्य न्यायाधीश नियुक्त किया है। उनकी नियुक्ति 14 मई से प्रभावी होगी। न्यायमूर्ति गवई देश के 52वें मुख्य न्यायाधीश होंगे। वे मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति संजीव खन्ना का स्थान लेंगे, जिनका कार्यकाल अगले महीने की 13 तारीख को समाप्त हो रहा है।

---

## जयराम ठाकुर

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने देश की सेना, सुरक्षा एजेंसियों और आम लोगों की भावनाओं के खिलाफ टिप्पणी करने के लिए प्रदेश के राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी और कृषि मंत्री चंद्र कुमार के इस्तीफे की मांग की है। जयराम ठाकुर ने आज शिमला में कहा कि इन दोनों मंत्रियों ने देश की भावनाओं के खिलाफ टिप्पणी की है और उन्हें मंत्रिमंडल में बने रहने का कोई अधिकार नहीं है। उन्होंने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से इन मंत्रियों के बयानों पर संज्ञान लेने और इन्हें तुरंत मंत्रिमंडल से बाहर करने की मांग की है। –बाईट–जयराम ठाकुर–

नेता प्रतिपक्ष ने कांग्रेस के आधिकारिक सोशल मीडिया हैंडल पर बिना सिर के तस्वीर वायरल होने की घटना की निंदा की और कहा कि इसमें राहुल गांधी की भी सहमति थी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की इस हरकत से देशभर में उसका विरोध हुआ जिस कारण पार्टी को मजबूरन ये तस्वीर सोशल मीडिया हैंडल से हटानी पड़ी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस इस तरह की हरकतों से बाज़ आए। जयराम ठाकुर ने ये भी आरोप लगाया कि कांग्रेस प्रत्यक्ष और परोक्ष रूप से पाकिस्तान की भाषा बोल रही है।

---

## चेतावनी

बी.बी.एम.बी. पंडोह स्थित बांध में पानी की मात्रा अधिक होने के कारण यहां से कभी भी नदी में पानी छोड़ा जा सकता है। बी.बी.एम.बी. के अतिरिक्त अधीक्षण अभियंता ने कहा कि पंडोह डैम के जलग्रहण क्षेत्र में बर्फ पिघलने के कारण डैम में पानी का प्रवाह बढ़ रहा है। ऐसे में पंडोह डैम के स्पिलवे गेटों को अतिरिक्त पानी को नदी में छोड़ने के लिए किसी भी समय खोला जा सकता है। इस कारण ब्यास नदी में पानी का बहाव बढ़ सकता है। उन्होंने लोगों से आग्रह किया है कि वे सतर्कता बरतें और नदी के समीप न जाएं।

---

## एनसीएमसी

हिमाचल पथ परिवहन निगम की बसों में अब यात्री यूपीआई, क्रेडिट व डेबिट कार्ड सहित नैशनल कॉमन मोबिलिटी कार्ड एनसीएमसी से भी टिकट राशि का भुगतान कर सकेंगे। यह कार्ड जहां देश के अन्य राज्यों में भी चलाया जा सकेगा वहीं इस कार्ड से यात्री पार्किंग फीस सहित शॉपिंग भी कर सकेंगे। मैट्रो की तरह यात्री इस कार्ड का प्रयोग निगम की बसों में कर सकेंगे। यह कार्ड मुम्बई, दिल्ली में भी चलेगा, जिससे यात्रियों को बसों व मेट्रो में किराया देने के लिए कैश की जरूरत नहीं होगी। खास बात यह है कि इस कार्ड को चलाने के लिए इंटरनेट की जरूरत नहीं है और यह कार्ड सबसे अधिक वहां काम आएगा जहां इंटरनेट सेवा धीमी रहती है या इंटरनेट सुविधा ही नहीं है। निगम की बसों में चलने वाला यह एनसीएमसी कार्ड पहली बार मात्र 100 रुपए में बनेगा। इसके बाद व्यक्ति इसे अपने बैंक अकाउंट से रिचार्ज कर सकता है या फिर निगम के किसी भी बस काऊंटर में जाकर रिचार्ज करवा सकते हैं। कार्ड की वैधता 5 साल की होगी।

---

## वेव्स 2025

पहला विश्व ऑडियो विजुअल एंटरटेनमेंट शिखर सम्मेलन – वेव्स 2025 कल पहली मई से मुंबई के जियो वर्ल्ड कन्वेंशन सेंटर में शुरू होगा। यह 4 दिवसीय कार्यक्रम श्रव्य– दृश्य और मनोरंजन उद्योग के भविष्य पर चर्चा के लिए वैश्विक मंच प्रदान करेगा। इस कार्यक्रम में वैश्विक मीडिया संवाद, क्रेता–विक्रेता बैठकें, उभरते सृजनकर्ताओं के लिए अपनी सामग्री को प्रस्तुत

करने और बढ़ावा देने के सत्र तथा कहानी सुनाने के नए जमाने के प्रारूपों के बारे में भी जानकारी दी जाएगी।

---

चार धाम यात्रा

अक्षय तृतीया के अवसर पर उत्तराखंड में चारधाम यात्रा आज उत्तरकाशी जिले में गंगोत्री और यमुनोत्री मंदिरों के कपाट खुलने के साथ ही आरंभ हो गई। पारंपरिक पूजा–अर्चना और वैदिक मंत्रोच्चार के साथ मंदिरों के कपाट श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए गए हैं। केदारनाथ धाम के कपाट दो मई को और बद्रीनाथ धाम के कपाट 4 मई को खुलेंगे।

---